**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))**

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कहा कि हवाई यात्रा को सुलभ और किफायती बनाना सरकार की प्राथमिकता है। श्री नायडू ने कहा कि सरकार हवाई यात्रियों को दूर-दराज़ के क्षेत्रों तक पहुंच प्रदान कराने के लिए प्रयासरत है। नई दिल्ली में दूसरे **एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन** के उद्घाटन समारोह में श्री नायडू ने देश में नागर विमानन के मज़बूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों को रेखांकित किया। उन्होंने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों को अपनाने और विमानन क्षेत्र के लिए हरित प्रौद्योगिकियों में निवेश पर जोर दिया।उल्लेखनीय है कि द्वितीय **एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन** इस वर्ष 11 और 12 सितंबर को नई दिल्ली में होगा। सम्मेलन के दौरान, प्रमुख विमानन संगठन, विमानन नेता और अन्य हितधारक नागर विमानन क्षेत्र के भविष्य पर विचार-विमर्श करेंगे।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कल चंडीगढ़ में त्रिनिदाद एवं टोबैगो गणराज्य की अटॉर्नी जनरल एवं विधिक मामलों की मंत्री सुश्री रेणुका सग्राम सिंह सूकलाल ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान हरियाणा के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने हरियाणा और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के मध्य और मजबूत व्यापारिक संबंधों के लिए दोनों देशों के हितधारकों के आपसी सहयोग से काम करने पर बल दिया । उन्होंने हैफेड के अध्यक्ष को सलाह देते हुए कहा कि हैफेड राज्य का एक शीर्ष सहकारी संघ है, इसलिए हैफेड ऐसे अवसरों की तलाश करें, जहां राज्य के किसान हैफेड के माध्यम से विभिन्न देशों में अपनी उपज बेचकर लाभान्वित हो सकें। उल्लेखनीय है कि जून, 2024 के अंतिम सप्ताह में हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल त्रिनिदाद एवं टोबैगो के दौरे पर गया था, जिसका उद्देश्य त्रिनिदाद एवं टोबैगो तथा अन्य कैरेबियाई देशों में व्यापार के अवसरों की संभावनाओं का पता लगाना है।

---

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि डेरा वासियों को सरकार के आदेशानुसार 16 घंटे बिजली नियमित रूप से मिलनी चाहिए।कल कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में शाहाबाद के गांव पाडलू में 25 डेरों के नागरिकों ने 16 घंटे बिजली की आपूर्ति में लापरवाही बरतने संबंधी शिकायत का कड़ा संज्ञान लेते हुए श्री सुधा ने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता 16 घंटे बिजली न मिलने के मामले की जांच करेंगे।अगर इस मामले में कर्मचारियों की लापरवाही मिली तो विभाग की तरफ से नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कुल 16 शिकायतों को सुना और 13 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 3 शिकायतों में प्रार्थी के ना पहुंचने पर शिकायतों को लंबित रखने के आदेश दिए ।उन्होंने शाहबाद चीनी मिल कर्मचारी यूनियन के महासचिव

रामकुमार को न्याय दिलवाने के लिए चीनी मिल के एक इंजीनियर से संबंधित मामले की जांच राज्य सतर्कता विभाग को सौंपने के आदेश दिए ।

---

भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात जून महीने में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 65.47 अरब अमरीकी डॉलर हो गया है।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में समग्र निर्यात वृद्धि 8.6 प्रतिशत बढ़कर 200 अरब, 33 करोड़ डॉलर हो गई। व्यापारिक निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में 2.55 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस वर्ष जून माह में व्यापारिक निर्यात वृद्धि के प्रमुख चालकों में आभियांत्रिक वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं, कॉफी और कार्बनिक व अकार्बनिक रसायन शामिल हैं।

---

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला को हरा-भरा और प्रदूषणमुक्त बनाने की अपनी मुहिम को और आगे बढ़ाते हुए मनसा देवी परिसर के सेक्टर-6 में पौधा रोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसका संरक्षण भी करें। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन ट्राईसिटी के वूमन मिनिस्ट्री ग्रुप द्वारा किया गया।विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम से एक अनूठे अभियान की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली मां को देते हैं, उतना ही सम्मान हमें हमारा पालन पोषण करने वाली धरती मां को भी देना होगा। अपनी मां के नाम पौधा लगाने से मां का तो सम्मान होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।